भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति "भावना"

****

भावना का चौबीसवां स्थापना दिवस 20.08.2023 दिन रविवार को मानस भवन , मानस मन्दिर रामलीला परिसर , मौसम गंज , डालीगंज में उल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला जी ने की तथा मुख्य अतिथि श्री कुंवर कृष्ण बंसल, आई.पी.एस.(से.नि.) निवर्तमान- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. सरकार थे। कार्यक्रम का संचालन श्री जगमोहन लाल जायसवाल जी ने किया।

मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया तथा सभाकक्ष में उपस्थित सभी व्यक्तियों द्वारा भावना संकल्प गीत का समवेत गायन किया गया। भावना के अध्यक्ष महोदय के स्वागत सम्बोधन के बाद डा. अंजलि गुप्ता जी के द्वारा " मानसिक अस्वस्थता- लक्षण,कारण व निवारण " प्रकाश डाला गया। मंचासीन सभी विशिष्ट अतिथियों तथा माननीय मुख्य अतिथि के सम्बोधन के पश्चात शिक्षा सहायता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत चयनित 19 विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के 148 बच्चों को सहयोग राशि तथा अन्य उपहारों का वितरण किया गया । इन क्षात्र - क्षात्राओं में "नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइंड उ.प्र. " के 15 नेत्रहीन बच्चे भी थे। इन छात्र - छात्राओं में से एक कक्षा 10 की प्रतिभाशाली छात्रा कु. नन्दिनी यादव को श्री सतपाल सिंह जी के सौजन्य से श्री आमोद कुमार जी द्वारा पूर्ण वर्ष के लिए वस्त्र , कापी- किताबों तथा फीस इत्यादि का लगभग रु. 30,000.00 (तीस हजार मात्र) भुगतान किया जाता है। इसके अतिरिक्त कक्षा 12 में सर्वोत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए कु. आकृति मौर्य को सम्मानित किया गया तथा बी.बी.डी.यूनिवर्सिटी में प्रवेश की प्रथम वर्ष की पूरी फीस रु. 69,000.00 (उनहत्तर हजार मात्र) की सहायता प्रदान की गई। कक्षा 12 में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए श्री वाचस्पति पाठक को रु. 15000.00 (पन्द्रह हजार मात्र) , कक्ष 10 में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कु. प्रीति यादव को रु. 11000.00 (ग्यारह हजार मात्र) तथा सर्वोत्तम प्रर्दशन के लिए कु. नंदिनी गौतम को रु. 10,000.00 (दस हजार मात्र) के विशिष्ट पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सभी छात्र - छात्राओं , विद्यालयों के प्रतिनिधि तथा बच्चों के साथ आए अभिभावकों को लंच - पैकेट प्रदान किए गए।

इसके पश्चात भावना के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा रोचक प्रस्तुतियां दी गईं तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया । कार्यक्रम का समापन सामूहिक स्नेह - भोज से किया गया।